ज्ञान की पराकाष्ठा वालों की निशानियां

1. सर्व कर्मेन्द्रियां शीतल हो जाएंगी।
2. स्वभाव-संस्कार की चंचलता समाप्त हो जाएगी।
3. अवस्था अचल-अडोल, एकरस हो जाएगी।
4. मैनर्स (आदतें) सुधरते जाएंगे।
5. माया के तूफान हिला नहीं सकेंगे।
6. कर्मातीत अवस्था होती जाएगी।
7. समस्याओं के समाधान स्वरूप बन जायेंगे।
8. कभी भी माया से मूर्छित नहीं होंगे।
9. सदा खुशी का पारा चढ़ा रहेगा।
10. मनन-चिन्तन सहज हो जाएगा।
11. याद की यात्रा निरन्तर होती जाएगी।
12. याद में मेहनत नहीं लगेगी।
13. सर्व खजाने जमा होते जाएंगे।
14. अनेक आत्माओं की दुआयें मिलेंगी।
15. बाप का परिचय अच्छी तरह से दे सकेंगे।
16. मन, बुद्धि, संस्कार नियंत्रित हो जायेंगे।
17. विकर्मों से बचे रहेंगे।
18. श्रेष्ठ कर्मों की पूंजी बढ़ती जाएगी।
19. चेहरा सदैव हर्षितमुख रहेगा।
20. रूहानी खुमारी, नशा चढ़ा रहेगा।
21. बाप की छत्रछाया का अनुभव करते रहेंगे।
22. सदा अलौकिक मौज में रहेंगे।
23. कभी किसी बात में मूंझेंगे नहीं।
24. मेहनत से मुक्त होते जायेंगे।
25. धारणायें मजबूत होती जायेंगी।
26. बाप की मोहब्बत में खोये रहेंगे।
27. सेवा में सफलता मिलती रहेगी।
28. संकल्प शक्तिशाली व समर्थ होंगे।
29. कर्मों में कुशलता आती जाएगी।
30. दृष्टि में आत्मिक भाव रहेगा।
31. कर्म सदा सुखदायी होंगे।
32. वाणी में माधुर्य बढ़ता जाएगा।
33. देह से न्यारा होना सहज हो जाएगा।
34. स्टूडेण्ट लाईफ बहुत अच्छी लगेगी।
35. पढ़ाई में मजा आएगा, उबासी नहीं लेंगे।
36. विकारों से सहज किनारा होता जाएगा।
37. मनमनाभव के स्वरूप होते जाएंगे।
38. समय कभी व्यर्थ नहीं गंवायेंगे।
39. ज्ञान रतनों से खेलने में मस्त रहेंगे।
40. बुद्धि पारस बनती जाएगी।
41. खुशबूदार फूल बनते जाएंगे।
42. ज्ञान रतनों का लंगर सदा लगाकर रखेंगे।
43. किसी को कांटा नहीं चुभोयेंगे।
44. सदा जागती ज्योति बन कर रहेंगे।
45. बाप समान विश्वकल्याणकारी होंगे।
46. अज्ञान अधंकार पास आ नहीं सकता।
47. विशालबुद्धि होंगे, चित्त निर्मल हो जाएगा।
48. सदा स्वमान में रह सर्व को सम्मान देंगे।
49. सदा निर्माणचित्त, निरंहकारी होंगे।
50. चलन देवताई होती जाएगी।
51. निन्दा-स्तुति में समान रहेंगे।
52. ड्रामा के पट्टे पर चलते रहेंगे।
53. सदा साक्षीद्रष्टा रहेंगे।
54. मन, बुद्धि की एकाग्रता बढ़ती जाएगी।
55. तन-मन-धन सब सफल करते रहेंगे।
56. सदा सन्तुष्टमणि बनकर रहेंगे..........।